# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र II)

# ECONOMICS (Paper II)

**2024**

| निर्धारित समय : तीन घण्टे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए ।**

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है ।

जहाँ आवश्यक हो, आलेख/चित्र उत्तर के लिए दिए गए स्थान में ही दर्शाइए ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा नहीं गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

raadheythevision.in

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are EIGHT questions divided in TWO SECTIONS and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. 1 and 5 are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Graphs/Illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



RaadheytheVisiion || Contact us: - +9196257575З6; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :
Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) दादाभाई नौरोजी द्वारा विचारित भारत से 'आर्थिक निकास' (Economic Drain) की अवधारणा में सम्मिलित मदों का उल्लेख कीजिए।
Mention the items of 'Economic Drain' from India as conceived by Dadabhai Naoroji. 10

1.(b) विवेचना कीजिए कि ईस्ट ईंडिया कम्पनी के द्वारा विकसित रेलवे व्यवस्था क्यों भारत के हितों के विरुद्ध गयी।
Discuss why the railway system developed by the East India Company went against the Indian interest. 10

1.(c) विवेचना कीजिए कि स्वतन्त्रता-पूर्व भारत में अहस्तक्षेप नीति भारत के लिए क्यों अच्छी नहीं थी।
Discuss why 'Laissez Faire' was not good for India during the pre-independence India. 10

1.(d) वर्णन कीजिए कि स्वतंत्रता-पूर्व भारत में कृषि के वाणिज्यीकरण से किसानों को क्यों अल्प लाभ ही प्राप्त हुआ।
Describe why farmers derived little benefits from the commercialisation of agriculture in pre-independence India. 10

1.(e) "पी. एम. किसान-सम्मान निधि" योजना के क्या निहितार्थ हैं ?
What are the implications of "PM-Kisan Samman Nidhi" scheme ? 10

2.(a) भारत में बेरोजगारी की समस्या के निराकरण हेतु सरकार ने किन योजनाओं को शुरू किया है ? यह समस्या अभी भी क्यों बनी हुई है ?
What schemes are launched by the Government to deal with the problem of unemployment in India ? Why the problem still persists ? 20

2.(b) विकास की महालनोबिस रणनीति का क्यों परित्याग कर दिया गया ? इस रणनीति की क्या अपर्याप्तताएं थीं ?
Why the Mahalanobis strategy of development was abandoned ? What were its inadequacies ? 15

2.(c) भारत में स्वतंत्रता-पूर्व, जूट उद्योग द्वारा सामना किये गये समस्याओं को समझाइए। देश के बँटवारे के पश्चात यह समस्या क्यों और गम्भीर हो गयी ?
Explain the problems faced by the Jute industry during pre-independence India. Why the problem aggravated after partition of the country ? 15

3.(a) भारतीय अर्थव्यवस्था में एम एस एम इ (सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों) की भूमिका पर प्रकाश डालिए। इसके योगदान को बढ़ाने के लिए सरकार ने कौन से कदम उठाये हैं ?
Highlight the role of MSMEs in Indian Economy. What steps have been taken by the Government to enhance its contribution ? 20

3.(b) वर्ष 1950 से 1980 के दौरान भारत में राष्ट्रीय आय की वृद्धि-दर की प्रवृत्ति तथा इसका गरीबी पर पड़ने वाले प्रभाव की विवेचना कीजिए।
Describe the trend in the growth rate of national income in India from 1950 to 1980 and its impact on poverty. 15



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009
raadheythevisiion.in

3. (c) उदारीकरण से पूर्व भारत में औद्योगीकरण की प्रक्रिया में अपर्याप्तताओं का वर्णन कीजिए।

Discuss the inadequacies in the process of industrialisation in the pre-liberalised India. 15

4. (a) उदारीकरण के उपरान्त, भारत सरकार द्वारा राजकोषीय नीति में किए गए परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए। किस सीमा तक ये परिवर्तन देश में सामाजिक न्याय के साथ संवृद्धि में सहायक सिद्ध हुए हैं ? विवेचना कीजिए।

Discuss the changes made by the Government of India in the fiscal policy since liberalisation. How far these changes proved to be conducive to growth with social justice in the country ? Discuss. 20

4. (b) भारत में किसानों की आय में तीव्रतर वृद्धि हेतु क्या उनको निगमित क्षेत्र से जोड़ा जाना आवश्यक है ? विवेचना कीजिए।

For faster increase in farmers' income, is it necessary to link them with corporate -sector in India ? Discuss. 15

4. (c) 'ट्रिम्स' की प्रमुख विशेषतायें क्या हैं ? यह किस प्रकार भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करता है ?

What are the main features of 'TRIMS' ? How does it act against India's interest ? 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5. (a) सी. एन. वकील द्वारा नियोजन के वैकल्पिक प्रारूप (model) का परीक्षण कीजिए।

Examine the alternative model of planning given by C. N. Vakil. 10

5. (b) क्या भारत में सेवा-आधारित विकास पोषणीय है ? टिप्पणी कीजिए।

Is service-led growth in India sustainable ? Comment. 10

5. (c) रुपये के मूल्य में गिरावट से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या निहितार्थ है ?

What are the implications of depreciating Rupee on Indian Economy ? 10

5. (d) भारत के बहु-ब्रांड खुदरा क्षेत्र में एफ.डी.आई. (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) पर टिप्पणी कीजिए।

Comment on FDI in Multi-brand Retail sector in India. 10

5. (e) क्या गरीबी 'क्षमता-वंचन' है ? विवेचना कीजिए।

Is poverty 'capability deprivation' ? Discuss. 10

6. (a) देश में विदेशी निवेश के सन्दर्भ में भारत सरकार की नीति का मूल्यांकन कीजिए। क्या आप महसूस करते हैं कि उनके क्रिया-कलापों को नियन्त्रित करने की आवश्यकता है ?

Evaluate the policy of Government of India with regard to foreign investment in the country. Do you feel that there is a need for control of their activities ? 20

6. (b) विगत दस वर्षों में निर्यातों में वृद्धि हेतु भारत सरकार द्वारा कौन से कदम उठाए गए हैं ? क्या इनसे वांछित परिणाम प्राप्त हुए ? परीक्षण कीजिए।

What steps have been taken by the Government of India to increase exports during the last 10 years ? Have these yielded the desired result ? Examine. 15



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

**6.(c)** भारत में द्वितीय हरित क्रांति का पक्ष-समर्थन क्यों किया गया ? इस संदर्भ में राष्ट्रीय कृषक आयोग की संस्तुतिओं का उल्लेख कीजिए।

Why second green revolution was advocated for India ? Mention the recommendation of the National Commission for Farmers in this regard. 15

**7.(a)** राजकोषीय संघवाद, राजकोषीय समेकन तथा सहकारी संघवाद में भेद कीजिए। भारत में सहकारी संघवाद की उपलब्धियों पर टिप्पणी कीजिए।

Distinguish between fiscal federalism, fiscal consolidation and cooperative federalism. Comment on the outcome of cooperative federalism in India. 20

**7.(b)** भारत में उदारीकरण के उपरान्त, क्या कृषि में महिलाओं की भूमिका बदल गई है ? टिप्पणी कीजिए।

Whether the role of women in agriculture has changed after liberalisation in India ? Comment. 15

**7.(c)** भारत में ग्रामीण निर्धनता के विभिन्न अनुमानों को समझाइये। इसको कम करने हेतु, सरकार द्वारा कौन से उपाय अपनाये गए हैं ?

Explain the various estimates of rural poverty in India. What measures have been adopted by the Government to reduce it ? 15

**8.(a)** विगत पाँच वर्षों में, आर.बी.आई. द्वारा अपनायी गई मौद्रिक नीति के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ? इस अवधि में निवेश को प्रोत्साहन देने तथा कीमत-स्थिरता को बनाए रखने हेतु उठाए गए कदमों की विवेचना कीजिए।

What are the main objectives of monetary policy adopted by the R.B.I. during last 5 years ? Discuss the steps taken by the R.B.I. to encourage investment and maintain price-stability during this period. 20

**8.(b)** कृषि-साख प्रदान करने में संस्थागत वित्त में व्यापक प्रसार के बावजूद गैर-संस्थागत स्रोतों का योगदान सर्वाधिक क्यों हैं?

Why in spite of massive expansion of institutional finance, contribution of non-institutional sources in providing agricultural credit is still predominant ? 15

**8.(c)** भारत में कृषि क्षेत्र को प्राप्त होने वाले विभिन्न प्रकार के अनुदान कौन से हैं ? इनका क्या औचित्य है ?

What are the various forms of subsidies that go into agriculture sector in India ? What is the justification for these ? 15

---



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009